# सफलता की कहानी



| | | |
|---|---|---|
| ग्राम पंचायत | – | कण्डियाल गांव |
| विकास खण्ड | – | पुरोला |
| जिला | – | उत्तरकाशी |
| ग्राम प्रधान | – | श्री बिजेन्द्र सिंह पवार |
| ग्राम पंचायत विकास अधिकारी | – | श्रीमती राजबाला |
| आंगनवाडी कार्यकर्ती | – | श्रीमती सोबन देवी<br>श्रीमती राजेश्वरी<br>श्रीमती कविता |
| आशा कार्यकर्ती | – | श्रीमती निर्मला देवी |
| वन पंचायत सरपंच | – | श्रीमती लता देवी |
| क्वारंटीन सेंटर का नाम | – | पंचायत भवन कण्डियाल गांव<br>रा0उ0मा0वि0 कण्डियाल गांव<br>राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसन्त नगर |

1. <u>सेनिटाइजेशन  एवं मास्क वितरण कार्य</u>– ग्राम प्रधान श्री बिजेन्द्र सिंह पवार एवं ग्राम पंचायत के सदस्यों के सहयोग से ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थलों, सभी क्वारंटीन सेंटरों  एवं समस्त ग्राम पंचायत में सेनेटाइजेशन  किया गया।







2 <u>वॉल पेन्टिग </u>– ग्राम प्रधान द्वारा सभी पंचायत प्रतिनिधियों,ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, आशा कार्यकर्ती, आंगनबाडी कार्यकर्ती,एवं ग्राम सभा के अन्य सदस्यों के माध्यम से समस्त ग्रामवासियों को कोरोना माहवारी से निपटने हेतु जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत के सार्वजनिक स्थलों पर वॉल  पेन्टिग लेखन करवाया गया जिससे सभी ग्रामवासी जागरूक हों और कोरोना से बचाव के नियमों का पालन कर सके।






**3–<u>प्रधान कण्डियाल गांव की अनूठी पहल</u>** – प्रधान श्री बिजेन्द्र सिंह द्वारा ग्राम पंचायत एवं ग्राम पंचायत से बाहर भी जरूरत मंदों को कोरोना काल के दौरान निजी वाहन के माध्यम से उपचार हेतु अस्पताल ले जाया जा रहा है एवं गरीब परिवारों में राशन वितरित किया जा रहा है।




**4.<u>कोविड जांच एवं टीकाकरण</u>** – ग्राम पंचायत कण्डियाल गांव में काविड–19 के संक्रमण को देखते हुए समस्त ग्राम वासियों को कोरोना से बचाव व रोकथाम हेतु कोविड की जांच व टीकाकरण के लिए ग्रा0 पं0 वि0 अ0, आशा, आंगनवाडी कार्यकर्ती द्वारा प्रेरित व जागरूक किया गया ।




5 <u>कोविड नियंत्रण समिति का गठन</u> –कोरोना काल में कोविड महामारी के रोकथाम हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर कोविड नियंत्रण समिति का गठन किया गया ।जिसमें प्रधान ग्राम पंचायत अध्यक्ष,ग्रा0पं0वि0अ0 सचिव व अन्य सदस्य आशा कार्यकर्ती,आंगनवाडी कार्यकर्ती,ग्राम विकास अधिकारी,अध्यापिका,युवक मंगल दल ,महिला मंगल दल वन पंचायत सरपंच, ग्राम प्रहरी आदि को शामिल किया गया । जिनके द्वारा ग्राम पंचायत में कोविड महामारी से बचाव संबंधी कार्य किए जाएंगे एवं ग्राम पंचायत में आने वाले प्रवासियों की निगरानी के साथ–साथ क्वारंटीन सेंटर की देखरेरख की जा रही है।

कोविड नियंत्रण समिति के सक्रिय रहने के फलस्वरूप ग्राम पंचायत मे कोविड महामारी पर नियंत्रण हंतु उचित प्रयास किया जा रहा है।



समिति के सहयोग से ग्राम पंचायत मे उचित टीकाकरण किया गया तथा गांव में आइवरमैक्टीन दवा का वितरण किया गया ।सभी प्रयासों के फलस्वरूप ग्राम पंचायत में कोविड महामारी से बचाव हेतु सावधानी बरती जा रही है जिससे ग्राम पंचायत की स्थिति में सुधार आया है। समिति की सहायता से ग्राम पंचायत में कोविड वेक्सिनेशन व जांच कार्य गतिमान है ।जिस वजह से आज समस्त ग्राम पंचायत के सभी व्यक्ति परिवार सुरक्षित है।

धन्यवाद।

श्री बिजेन्द्र सिंह पवार

प्रधान ग्राम पंचायत कण्डियाल गांव

विकास खण्ड –पुरोला

जिला– उत्तरकाशी

श्रीमती राजबाला

ग्रा0पं0वि0अ0

विकास खण्ड– पुरोला

जिला– उत्तरकाशी